सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 136 | इंदौर, शुक्रवार 24 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Uttarkashi Tunnel Rescue: ड्रिलिंग हुई शुरू...आज रात तक बाहर आ सकते हैं मजदूर, भिजवाया गया नाश्ता
2. Singapore: दिल्ली में घूम रही सिंगापुर के फर्जी नंबर वाली संदिग्ध कार, हाई कमिश्नर ने पुलिस को किया अलर्ट
3. पीलीभीत में दर्दनाक हादसा: ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी समेत तीन की मौत, आठ माह का बेटा घायल
4. Chhattisgarh News: नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो ग्रामीणों की हुई मौत और एक घायल
5. World Hindu Congress: दुनिया को भारत से रास्ता दिखाने की उम्मीद', विश्व हिंदू कांग्रेस सम्मेलन में मोहन भागवत
6. Elvish Yadav Case: पुलिस जांच हुई धीमी, न एल्विश आया दोबारा न फाजिलपुरिया को बुलाया; अब विष रिपोर्ट का इंतजार
7. यूपी: शहरों के बंद पड़े सिनेमाघरों में अब बन सकेंगे बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सरकार ने दी अनुमति
8. WHO: रहस्यमयी बीमारी पर चीन की सफाई, कहा- तेजी से फैल रहे सांस से जुड़े संक्रमण में कुछ भी असामान्य नहीं

# सरकार किसी की भी बने हो सकता है एक्शन

## एमपी के आईएएस और आईपीएस की आयोग से शिकायत

### तीन कलेक्टर और एक एसपी पर भाजपा-कांग्रेस दोनों ने लगाए आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की काउंटिंग के बाद सरकार किसी भी पार्टी की बने, आठ कलेक्टर और चार एसपी के खिलाफ एक्शन हो सकता है। इनकी शिकायत चुनाव आयोग से की गई है। कांग्रेस ने तो ऐसे अफसरों की लिस्ट भी बना ली है। भाजपा ने चुनाव के दौरान अपेक्षित सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए चार कलेक्टरों को हटाने की मांग की थी। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने आठ कलेक्टरों पर भाजपा का एजेंट होने और चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया था। इनमें नरसिंहपुर, छतरपुर और भिंड कलेक्टर ऐसे हैं, जिनकी शिकायत भाजपा ने भी की है। इनके अलावा 20 से ज्यादा राज्य प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ भी शिकायत की थी। ऐसे में उन पर भी कार्रवाई होगी।

### ◆ बीजेपी ने की इन कलेक्टरों की शिकायत

#### रिजु बाफना, कलेक्टर, नरसिंहपुर

आरोप- भाजपा नेताओं ने नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के 43 से अधिक मतदान केंद्रों पर निर्वाचन अधिकारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मिलीभगत से कम मतदान की शिकायत की है। आरोप है कि भाजपा समर्थक करीब 20 से ज्यादा बूथों को कम किया गया या नहीं बनाए गए, ताकि भाजपा समर्थित लोग मतदान न कर सकें।

#### भास्कर लक्षकार- कलेक्टर, रतलाम

आरोप- बीजेपी ने कहा है कि रतलाम विधानसभा के बूथ क्र. 222 में निर्वाचन अधिकारी द्वारा जान बूझकर धीमी गति से मतदान कराकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया है। शिकायत के बाद भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की।

#### संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर, भिंड

आरोप- बीजेपी ने मतदान के एक दिन पहले स्कूटर और बाइक लेकर चलने पर रोक लगाने के मामले में कलेक्टर को हटाने की मांग की थी।



#### निवाड़ी के एसपी को हटाने की मांग

भाजपा नेताओं ने निवाड़ी जिले के एसपी अंकित जायसवाल के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की। आरोप लगाया कि जायसवाल केवल भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। उनका ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

### ◆ कांग्रेस ने आठ कलेक्टर, चार एसपी की शिकायत की

#### किस कलेक्टर पर क्या लगाए आरोप

#### सुभाष कुमार द्विवेदी- कलेक्टर, अशोकनगर

आरोप- कांग्रेस नेताओं ने चुनाव ड्यूटी से हटाने की मांग की। इसके लिए हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश को आधार बनाया, जिसमें उन्हें चुनाव ड्यूटी से हटाने के निर्देश दिए गए थे।

#### दीपक आर्य, कलेक्टर, सागर

आरोप- सुरखी विधानसभा से प्रत्याशी और मंत्री गोविंद राजपूत को लाभ पहुंचाने के लिए वाहन का एक दिन का खर्च 2500 से घटाकर 1250 रुपए करने का आरोप आरोप लगाया।

#### साकेत मालवीय, कलेक्टर, सीधी

आरोप- सिंगरौली जिला पंचायत सीईओ रहे हैं, जिन्हें तीन साल की पदस्थापना पर चुनाव आयोग की गाइडलाइन के विरुद्ध पदस्थ बताते हुए हटाने की मांग की गई थी।

#### अनुराग वर्मा, कलेक्टर, सतना

आरोप- आरएसएस के कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों के साथ शपथ लेने के मामले में शिकायत की है।

#### रिजु बाफना, कलेक्टर, नरसिंहपुर

आरोप- विधायक जालम सिंह पटेल द्वारा चुनाव आयोग को लिखे गए पत्र के आधार पर उन्हें जिले में पदस्थ रखने की सिफारिश के बाद शिकायत की गई थी।

#### संदीप माकिन, कलेक्टर, दतिया

आरोप- गृह मंत्री का सपोर्ट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने और हटाने की मांग की गई थी।

#### संजीव श्रीवास्तव, कलेक्टर, भिंड

आरोप- नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने बीजेपी का एजेंट और नौकर बताते हुए मतगणना से पहले हटाने के लिए सीईओ एमपी इलेक्शन को ज्ञापन सौंपा।

#### इन आईपीएस अफसरों की शिकायत

कांग्रेस ने मुरैना एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान पर चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में काम करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा, दतिया एसपी प्रदीप शर्मा, जबलपुर एसपी आदित्य प्रताप सिंह पर कार्रवाई की मांग की।

#### छतरपुर कलेक्टर-एसपी की शिकायत दोनों पार्टियों ने की

दोनों पार्टियों ने छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर और एसपी अमित सांघी की चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा के समर्थक और कांग्रेस नेता सलमान खान की हत्या के मामले में एकतरफा और जल्दबाजी में कार्रवाई का आरोप लगाया। दोनों को निलंबित करने की मांग भी की। वहीं, कांग्रेस ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा, समर्थकों और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के मामले में कार्रवाई को लेकर एसपी और कलेक्टर की शिकायत चुनाव आयोग से की है। इसके अलावा, नरसिंहपुर कलेक्टर रिजु बाफना के खिलाफ भी दोनों पार्टियों ने शिकायत की है।

# सिख समाज ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

## करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में मांस-मदिरा पार्टी का मामला गर्माया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में कथित मांस-मदिरा और डांस पार्टी का मामला गर्मा गया है। इसके खिलाफ इंदौर में भी सिख समाज ने लामबंद हो गया है। संभागायुक्त कार्यालय परिसर में समाज जनों ने बुधवार को पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इसके साथ ही समाज जनों ने दिल्ली सरकार द्वारा शीश गंज गुरुद्वारे तक कार ले जाने के प्रतिबंध पर सवाल खड़े करते हुए आदेश निरस्त करने की मांग की है।**



श्री गुरुसिंघ सभा इंदौर के अध्यक्ष मनजीत सिंह (रिंकू) भाटिया का कहना है कि श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्ञापन सौंपा है। पाकिस्तान में करतारपुर साहब गुरुद्वारे में जो घटना घटित हुई है, वह निंदनीय है। वहां पर मांस-मदिरा की पार्टी और नृत्य दिखाया गया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

हमने भारत सरकार से मांग की है कि उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। पाकिस्तान गुरुनानक देवजी का जन्मस्थल है। वहां बहुत सारे गुरुद्वारा साहब हैं। आज अगर एक धर्म स्थल पर इस तरह की शुरूआत हुई है तो ये नासूर की तरह आगे फैलेगी। इस पर वहीं पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। उसके खिलाफ केंद्र सरकार कदम उठाए।

हमारा दूसरा मुद्दा दिल्ली स्थित शीशगंज साहिब गुरुद्वारा का है। वहां पर गाडियों के 20-20 हजार के चालान काटे जा रहे हैं। बुजुर्ग हैं, महिलाएं हैं, पुरुष हैं। कुछ समस्या है तो लोग परिवार सहित जाते ही हैं। लाल किले से लेकर शीशगंज गुरुद्वारे तक कार ले जाने पर प्रतिबंध है। कार चालकों के 20 से 50 हजार तक के चालान कट रहे हैं। धार्मिक स्थल है। लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस ऑर्डर को निरस्त किया जाए।

तीसरा मुद्दा कॉलेजियम से 5 जजों की नियुक्ति का है। इसमें 2 सिख जज थे। उनकी नियुक्ति रोक दी गई। ये भेदभाव की शुरूआत है, इसके खिलाफ हम लोगों ने कहा है। देश की आजादी में सिखों का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसको न भूले। संविधान सबको बराबर का अधिकार देता है।

चौथा मुद्दा 'बंदी सिंह' का है। बंदी सिंह उन सिख कैदियों को कहा जाता है, जिन्हें पंजाब के उग्रवाद में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया गया था। आज भी कई बंदी सिंह देश की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है, लेकिन उनकी रिहाई नहीं हो रही है। केंद्र सरकार ने इस पर रोक लगा रखी है। उनकी रिहाई करें। संविधान ये कहता है कि जब आपने अपनी सजा पूरी कर ली तो उनको रिहा करना चाहिए। देशभर में सिख समाज प्रदर्शन करके बंदी सिंह की रिहाई की मांग करेगा।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम आयोजित

### थैलीसिमिया करियर एक दूसरे के साथ विवाह नहीं करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए चाचा नेहरु हॉस्पिटल में जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि चाचा नेहरू हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. प्रीति मालपानी ने अपने संबोधन मे बच्चो और उनके परिजन को बताया कि थेलिसिमिया में वे कैसे रहे और कौन कौन सी सावधानी जरूरी है।**

थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप की अध्यक्ष डॉ. रजनी भंडारी ने थैलीसीमिया पीडित बच्चों ,उनके परिजनो और दोस्तो को शपथ दिलाई कि अपनी थैलीसीमिया स्टेट्स रिपोर्ट जानने के लिए वे सभी का ब्लड टेस्ट जरूर कराये। यदि वे थैलीसीमिया करियर है तो वे दूसरे थेलिसिमिया करियर के साथ उनका विवाह नही करे। थेलिसीमिया पीडित बच्चों के जन्म को रोकने का यही एक उपाय है।

सीमा कोटस्थाने ने बच्चों से बाल दिवस से संबंधित प्रश्न पूछे, जिन बच्चों के सही उत्तर थे, उन्हें संस्था की ओर से उपहार मे शाल प्रदान की। संस्था की सदस्य चंदा शर्मा और पुषा अग्रवाल ने सभी 35 बच्चों को उपहार स्वरूप स्नेक्स के पैकेट प्रदान किये। गोरतलब है कि बाल दिवस के मौके पर थैलीसिमिया पीडित बच्चों के लिए यह कार्यक्रम हर वर्ष थेलिसिमिया एंड चाइल्ड वेलफायेर ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाता है।

## लादूनाथ आश्रम पर अन्नकूट महोत्सव 26 को

**इंदौर।** माली मोहल्ला, एमओजी लाईन्स स्थित लादूनाथ आश्रम, महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरू आश्रम पर चातुर्मास के 24वें महोत्सव का समापन रविवार, 26 नवम्बर को सांय 5 बजे से महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में होगा। भक्त मंडल के विजय अग्रवाल, संजय जैन एवं पुजारी योगेश सुईवाल एवं रोहित सियोटा ने बताया कि दो दिवसीय इस समापन उत्सव में शनिवार 25 नवम्बर को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। रविवार 26 नवंबर को बैकुण्ठ चतुर्दशी पर सुबह 9 बजे रामायण पाठ का विराम एवं हवन-पूजन तथा सांय 5 बजे से महाप्रसादी के आयोजन होंगे। जिनमें मालवांचल के अनेक प्रमुख साधु-संत भी शामिल होंगे।

## दीपावली मिलन के साथ तुलसी विवाह उत्सव भी कल

**इंदौर।** श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन समारोह एवं तुलसी विवाह उत्सव शनिवार, 25 नवंबर को सांय 6.30 बजे बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट के नवनिर्मित सभागृह में आयोजित किया गया है। महासभा के अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री एवं मंत्री अखिलेश गोयल ने बताया कि इस बार दीपावली मिलन के साथ तुलसी विवाह महोत्सव भी मनाया जा रहा है। सांय 7 बजे भगवान श्रीनाथ को छप्पन भोग समर्पित कर महाआरती की जाएगी। रात 8 बजे तुलसी विवाह के पश्चात भजन संध्या भी होगी। महोत्सव की तैयारी के लिए प्रमोद बिंदल, नितिन अग्रवाल अपेक्स एवं अनूप सिंघल (420 नमकीन) को संयोजक मनोनीत किया गया है।




## निगम द्वारा मौसमी बीमारी के निपटान के लिए शहर में चलाई जा रही है फांगिग मशीन

### कीटनाशक दवाई का भी किया जा रहा है छिडकाव, मलेरिया विभाग द्वारा निरंतर की जा रही है कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निर्देशानुसार मौसमी बीमारियों के निपटान के साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग मलेरिया टीम द्वारा लगातार फागिंग मशीन एवं कीटनाशक दवाई छिडकाव का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य विभाग एवं मलेरिया विभाग द्वारा गुलमोहर कॉलोनी, स्कीम नंबर 71 सिक्टर, गुमास्ता नगर, सुदामा नगर, विराट नगर, मूसाखेड़ी, रैना नगर, इंदिरा एकता नगर, मालवीय नगर, चंद्र नगर, सुंदर नगर, कृष्ण बाग कॉलोनी, विष्णु पुरी, भंवर कुवा, विष्णुपुरी एक्सटेंशन, आदित्य नगर, अहिल्यापुरी, इंद्रपुरी, भोलाराम उस्ताद मार्ग, नानक पैलेस, ब्रह्मपुरी कॉलोनी, सिल्वर पैलेस कॉलोनी, जगजीवन रामनगर, नादिरा नगर, अक्षय दीप कॉलोनी,रेडियो कॉलोनी, रेसीडेंसी कोठी गार्डन, साकेत नगर, शीतल नगर, मनीष पुरी, उत्कर्ष विहार, शहनाई शालीमार, सतकार कॉलोनी, के साथ ही शहर के विभिन्न जॉन एवं वार्डो में स्थित जल जमाव वाले क्षेत्रों में भी कीटनाशक दवाई का छिडकाव किया गया एवं फॉगिंग मशीन का उपयोग किया गया। फॉगिंग का कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए।

# दूल्हे विष्णुजी की निकली बारात, गन्ने के मंडप में हुआ कन्यादान

### विद्याधाम गूंज उठा जयघोष से देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम - तुलसी विवाह का दिव्य आयोजन, आतिशबाजी और भजनों के बीच हुए लग्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में भगवान विष्णु को दूल्हे के रूप में श्रृंगारित कर आश्रम परिसर में रथ-बग्घी तथा बारातियों सहित चल समारोह निकाला गया। तुलसी को भी दुल्हन के रूप में सजा कर गन्ने एवं चुनरी के मंडप में विराजित कर कन्यादान किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु इस विवाह के साक्षी बने।**

आश्रम परिसर स्थित शालिग्राम मंदिर पर सायं 5 बजे से ही विवाह उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई थी। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, राम ऐरन, सुरेश शर्मा, चंदन तिवारी, रमेशचंद्र राठौर, रमेश पसारी सहित स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद वेदांग विद्यापीठ के वेदपाठी छात्र भी बारात में शामिल हुए। इस बीच रंगारंग आतिशबाजी और भजनों की मनोहारी स्वरलहरियों पर मेहमान नाचते-गाते रहे। दुल्हन पक्ष की ओर से बारातियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और उन्हें गन्ने के मंडप में विराजित किया गया। भगवान शालिग्राम एवं तुलसी के विवाह की रस्म आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 11 विद्वानों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच संपन्न होते ही सम्पूर्ण परिसर जयघोष से गूंज उठा। अनेक विद्वानों ने भी आज शालिग्राम मंदिर आकर पूजा-अर्चना की। यह जम्मू के रघुनाथ मंदिर के बाद देश का दूसरा शालिग्राम मंदिर है।

### कलेक्टर द्वारा एन.एच.ए.आई. के कार्यों की समीक्षा

# 6 लेन वेस्टर्न इंदौर रिंग रोड में दो बड़े पुल एवं तीस छोटे पुल बनाए जाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचआई के अंतर्गत इंदौर जिले में चल रहे समस्त कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिंह, सलाहकार एस.एन रूपला, एडीएम रोशन राय, प्रोजेक्ट डायरेक्टर सोमेश बांझल, डीसीपी मनीष अग्रवाल तथा पुलिस के अन्य अधिकारी, समस्त एसडीएम, माइनिंग ऑफिसर आदि उपस्थित थे। बैठक में एनएचआई के अंतर्गत कार्यरत सभी कंसलटेंट एवं कॉन्ट्रेक्टर भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर द्वारा 6 लेन वेस्टर्न इंदौर रिंग रोड की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि यह सड़क इंदौर और धार दोनों जिलों से होकर गुजरेगी। इसका स्टार्टिंग पाइंट एनएच-52 में नेटेरेक्स के समीप होगा। वहीं क्षिप्रा नदी के निकट यह आकर मिलेगी। इस सड़क में दो बड़े पुल एवं तीस छोटे पुल बनाए जाएंगे। वहीं तीन रेल ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है। समीक्षा के दौरान तेजाजी नगर से बलवाड़ा तक बन रही रोड़ में आने वाली बाधाओं के बारे विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तेजाजी नगर से बलवाडा के तृतीय पैकेज में फ़ोर लेनिंग कार्य की भी समीक्षा की गई। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री बांझल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की लंबाई लगभग 35 किलोमीटर है इसमें चार टनल का बनाया जाना भी प्रस्तावित है। यह कार्य मेसर्स हाईवे इंजीनियरिंग कंसल्टेंट द्वारा किया जा रहा है एवं कार्य तेजी से चल रहा है। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने इस रोड के में आने वाले मंदिर और मजार के संबंध में एसडीएम महू को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बाईपास में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कार्यों की भी समीक्षा की। आने वाले समय में जहाँ ओवरब्रिज बना रहे हैं वहाँ ट्रैफ़िक डायवर्जन के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। कलेक्टर ने एनएचएआई राजस्व विभाग एवं ट्रैफ़िक पुलिस के अधिकारियों से कहा कि वे मौक़े पर जाकर देखें कि ट्रैफ़िक कहाँ से डायवर्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डायवर्सन इस तरह किया जाए जिसमें नागरिकों और विद्यालयों इत्यादि को असुविधा न हो। कलेक्टर ने बताया कि डायवर्जन के पूर्व एक सप्ताह का ड्राइ रन भी कर लिया जाए। सभी संबंधित सक्षम अधिकारी, भू-अर्जन एवं एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जो भी समस्याएं इस निर्माण कार्य में आ रही है, उस आठ दिवस के अंतर्गत हल किया जाए। उन्होंने डीसीपी, एसडीएम और सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि आप सभी स्थल पर जाकर निरीक्षण करें।

बैठक में इंदौर के सबसे महत्वकांक्षी परियोजना जो कि वेस्टर्न बाईपास बनाया जाना है उसके लिए भू-अर्जन कार्य को भी गति देने की समीक्षा की गई। एसडीएम देपालपुर, एसडीएम हातोद एवं एसडीएम सांवेर को निर्देशित किया गया कि भू-अर्जन की कार्यवाही को शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ करें, जिससे कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को इस वित्तीय वर्ष में प्रारंभ कराया जा सके। बैठक में निर्देश दिये गये कि फरवरी तक एनएच के सभी प्रकरणों का निराकरण किया जाये। बिचौली हप्सी अनुभाग के अंतर्गत आने वाले अतिक्रमणों को 8 दिवस में निराकण किया जाये। माइनिंग विभाग को तहसील सांवेर, बिचौली हप्सी, महू से प्राप्त होने वाले एनओसी एक दिवस में प्रदान करने के निर्देश भी दिये। एमपीईबी को मार्ग में आने वाले ट्रांसफार्मर एवं अन्य लाइनों के स्टीमेंट शीघ्र एनएचएआई को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। एसडीएम राऊ को क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आपसी सहमति के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण हेतु कहा गया। बेस्टप्राइज से एमआर 10 तक ट्रैफिक प्लान एवं ट्रायलस की व्यवस्था जनता के हित में ध्यान रखकर प्लान बनाने एवं समांतरण सड़क द्वारा ट्रैफिक समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

# पापकर्म से दूर रहकर भक्ति-सत्संग के पथ पर आगे बढ़ना ही जीवन का मंगलाचरण

### बिजासन रोड स्थित अखंड धाम पर हरिद्वार के संतमत सत्संग समिति के संस्थापक की प्रवचनमाला का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हम सब खंड-खंड आनंद की कामना में जुटे हुए हैं। धन, वैभव, पुत्र, पद-प्रतिष्ठा, घर-परिवार होते हुए भी हम सुखी नहीं है, क्योंकि इन सारी चीजों का सुख या आनंद स्थायी नहीं होता। संसार परिवर्तनशील है, किंतु परमात्मा कभी नहीं बदलता। जब ईश्वर की कृपा होती है तो हमें मनुष्यत्व, सत्संग और विवेक की प्राप्ति होती है। व्यक्ति नाम से नहीं, कर्म से मानवता के गुण प्राप्त करता है। कलियुग में एक क्षण के सत्संग को भी दुर्लभ माना गया है। पाप कर्म से दूर रहकर भक्ति के पथ पर आगे बढ़ना ही जीवन का मंगलाचरण होता है।

संतमत सत्संग समिति हरिद्वार के संस्थापक प्रख्यात संत स्वामी व्यासानंद महाराज ने आज बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर आयोजित चार दिवसीय प्रवचन माला के शुभारंभ सत्र में मौजूद भक्तों को संबोधित करते हुए उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित ग्रंथ ह्विवेक चूड़ामणि ऽपर आधारित इस प्रवचन माला के शुभारंभ अवसर पर प्रारंभ में अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में बालाजी ट्रस्ट के प्रमुख रामबाबू अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू, साहित्यकार बनवारीलाल जाजोदिया, अखंड धाम के न्यासी हरि अग्रवाल ने अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया । अतिथियों का स्वागत सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक मंच की ओर से अध्यक्ष सीए विजय गोयनका, सुरेश भामरे, विजय शादीजा, जगदीश गुप्ता, निरंजन पुरोहित आदि ने किया । संचालन कार्यक्रम संयोजक संजय गोयनका ने किया।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में 75 नदियों का जल लेकर पहुंचेगा रथ, 26 हजार किमी चलेगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का इंतजार पूरा देश बेसब्री से कर रहा है। 22 जनवरी के दिन अयोध्या में होने वाले अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में दुनियाभर के भक्त शिरकत करेंगे। इस ऐतिहासिक पल में इंदौर भी अपना अमूल्य योगदान देने जा रहा है। अयोध्या में प्रभु राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में 75 नदियों का जल लगेगा। इस जलाभिषेक की जिम्मेदारी इंदौर ने निभाई है।**

इंदौर के महेन्द्र कोडवानी द्वारा बनाए गए रथ से देशभर की 75 नदियों का जल एकत्रित किया जाएगा। यह रथ गुरुवार सुबह 26 हजार किमी की यात्रा पर रवाना हो गया है। यह यात्रा आज से शुरू हो गई है और दो महीने चलेगी। रथ का जिम्मा प्रधानमंत्री मोदी के गुरु तुलसीपीठाधीश्वर पन्द्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने लिया है। रथ का स्वागत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य साधु-संतों द्वारा किया जाएगा। रथ में एक बड़ा कलश और छोटे-छोटे 75 पंच धातु के कलश स्थापित हैं। इन कलशों में भारत की पवित्र नदियों का जल एकत्रित किया जाएगा। रथ में भगवान राम, माता सीता एवं हनुमान जी की विशालकाय मूर्तियां भी स्थापित हैं। वानर सेना और भगवान राम के अन्य मंदिर भी बनाए गए हैं। रथ में लगातार सुंदर कांड का पाठ भी रथ में होता रहेगा। संपूर्ण रथ को GFRC मटेरियल में 10 चक्के के ट्रक पर तैयार किया गया है। इस रथ की कल्पना, विचार इंदौर के कलाकार महेन्द्र कोडवानी की है। यह रथ इंदौर में ही महेन्द्र के स्टूडियो पर मात्र 15 दिवस में 40 कलाकारों ने बनाया है।



## मेडिकल दुकान में आग

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में अग्रवाल पब्लिक स्कूल के नजदीक शुक्रवार सुबह आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई। मेडिकल दुकान के नजदीक ही प्लाय की दुकान भी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग पहले प्लाय की दुकान में लगी। इसके बाद दूसरी दुकानों को भी चपेट में ले लिया। घटना का वीडियो कुछ ही देर में वायरल हो गया।

# डेंगू अलर्ट -एडीज है घरेलू मच्छर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारी वर्षा के बाद जल जमाव की स्थितियां होती है, ऐसी स्थिति में मलेरिया, डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है। डेंगू बीमारी एडीज नामक मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर साफ पानी से भरे टैंक, टायर, सीमेन्ट की टंकियों, मटके, बाल्टियों, कूलर, छत पर रखे अनुपयोगी सामान, टूटे-फूटे बर्तन, पानी से भरे पॉलीथिन में अपने अण्डे देता है, साथ ही साथ सीधे रखे खाली गमले, मटके



एवं अन्य पानी से भरे बर्तन व सामान, कबाडियों द्वारा खुले में रखे गए सामान, पशुओं को पानी पिलाने के लिए रखे गए हौज में भी एडीज के लार्वा पाए जाते हैं, जिसे आम जनता इसे पानी के कीड़े समझती है। नागरिकों से कहा गया है कि वे इन्हें नष्ट करें, पानी को जमा न होने दें, उपयोग करने के पानी को अच्छी तरह से ढक कर रखें तथा उनमें एक छोटी चम्मच मीठा तेल डाले, बाहर गड्‌ढों तथा नालियों में जला हुआ तेल डाले। यह मच्छर दिन के समय काटता है, अतः पूरी आस्तिन के कपड़े पहने, रात के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर में नीम की पत्तियों का धुंआ करें, मच्छर रोधी क्रीम व अगरबत्ती का प्रयोग करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए लार्वा तथा मच्छरों को नष्ट करने की कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत की जा रही है। आमजन से आग्रह किया गया है कि सप्ताह में एक बार घर में जल जमाव वाली जगहों का निरीक्षण कर जल निकासी करें तथा घर में कूलर आदि का नियमित अंतराल में पानी बदलते रहें।

# होटल में महिला को लेकर पहुंचे वर्ग विशेष के युवक

### हिंदूवादियों ने दो की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गांधीनगर इलाके की निजी होटल में दो वर्ग विशेष के युवक एक महिला को होटल में लेकर पहुंचे। इसकी जानकारी हिंदू जागरण मंच को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को पकड़ा और पुलिस के हवाले किया है। बताया जाता है कि इस दौरान दोनों की जमकर धुनाई भी की गई।**

हिंदू जागरण मंच के कन्नू मिश्रा ने बताया कि मुझे जानकारी लगी थी कि गांधी नगर क्षेत्र की एक होटल में वर्ग विशेष के दो युवक साजिद खान और राजू खान पहुंचे हैं। उनके साथ एक हिंदू महिला भी है। इसके बाद वह यहां पहुंचे। मौके पर हंगामा होने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में हिंदूवादी दोनों को लेकर थाने आ गए। महिला यशवंत सागर के पास की रहने वाली बताई जा रही है। गांधी नगर पुलिस ने दोनो युवकों को हिरासत में लिया है। महिला को महिला थाने भेजा गया है। परिवार से पूछताछ के बाद दोनो युवकों पर कार्रवाई की बात की जा रही है।

# मतदान के दो दिन बाद 123 पुलिसकर्मियों से आनन-फानन में डलवाए गए वोट, निर्वाचन आयोग हरकत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में पदस्थ 123 डाक मतपत्र पुलिसकर्मियों के मतदान के लिए तय तारीख 17 नवंबर के दो दिन बाद सोमवार (20 नवंबर) को डाले गए। यही नहीं बताया जा रहा है कि जब यह वोट डाले जा रहे थे, तब नोडल अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को इसके संबंध में जानकारी देना भी उचित नहीं समझा, जिसके चलते अब यह मामला प्रदेश लेवल पर गरमा गया है। राजनीतिक पार्टियों को स्थानीय प्रशासन के खिलाफ एक नया मुद्दा मिल गया है। हालांकि, जिला प्रशासन ने अब इस मामले में चुनाव आयोग को अवगत करा दिया है और वहां से मिलने वाले दिशा-निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है।**

दरअसल, प्रदेश में 17 नवंबर के दिन मतदान के लिए तय था। लेकिन यहां दो दिन बाद 20 नवंबर को 123 डाक मतपत्रों के जरिये मतदान करवाया गया था। बताया जा रहा है कि यह सभी डाक मतपत्र उन पुलिस कर्मियों के थे, जो प्रदेश के अलग-अलग जिलों से अपनी चुनावी ड्यूटी करने खंडवा में आए हुए थे। निर्वाचन आयोग की माने तो इन सभी मतपत्रों के जरिये किया



गया मतदान भी 17 नवंबर से पहले ही किया जाना चाहिए था। हालांकि, जिले में ऐसा नहीं हो पाया और जब यहां के नोडल अधिकारी को इसके बारे में मालूम हुआ तो आनन-फानन में उन्होंने स्थानीय निर्वाचन अधिकारी को बताए बगैर 20 नवंबर को 123 लोगों का मतदान डाक मतपत्रों से करवा दिया। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर खंडवा के उप जिला निर्वाचन अधिकारी केआर बडोले ने बताया कि यह सभी वोट दूसरे जिले के मतदाताओं के हैं, जो यहां पर पदस्थ हैं। पुलिसकर्मियों के रूप में, जो की 20 तारीख को डाले गए हैं। यहां पर 123 लोगों की वोटिंग पोस्टल बैलट के रूप में की गई है और सारी वस्तु स्थिति के संबंध में आयोग को भी अवगत करा दिया गया है। आयोग से जो भी दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे, उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त अनुपम राजन से मीडिया ने जब सवाल किया कि, खंडवा में पोस्टल बैलट को लेकर दो दिन बाद वोटिंग होती है। इसको लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से किसी तरह के दिशा-निर्देश मांगे गए हैं। तब उन्होंने इससे इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने किसी तरह के सजेशन तो नहीं मांगे हैं। लेकिन खंडवा में जो हुआ है, उसकी रिपोर्ट उन्होंने भेज दी है। वहां मतदान दिनांक के बाद कुछ पुलिसकर्मियों के वोट डाले गए हैं, वह अलग रखे गए हैं। आयोग का जैसा भी निर्देश होगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने इन मत पत्रों को शून्य माने जाने के सवाल पर कहा कि इस संबंध में अभी आयोग के दिशा-निर्देशों की प्रतीक्षा है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके द्वारा सारी वस्तु स्थिति आयोग के समक्ष रख दी गई है। अब वहां से जैसे निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मतदान का वीडियो वायरल करने वाले 17 लोगों पर FIR, प्रतिबंध होने के बाद भी कैसे ले गए कैमरा-मोबाइल?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वोट डालने के दौरान की तस्वीर-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले 17 लोगों पर अब एफआईआर कर ली गई है। सामाजिक कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी। अब सवाल ये उठ रहा है कि मोबाइल-कैमरा प्रतिबंधित होने के बाद भी इन लोगों ने वीडियो कैसे बनाया?**

जानकारी के अनुसार मामला विदिशा जिले के सिरोंज का है। शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी से शिकायत



की थी। आवेदन देकर बताया था कि इलाके के कुछ युवाओं ने मतदान करने के दौरान की अपनी तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर डाल रखी है। ये चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन है। साथ ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की थी। आवेदन में उल्लेख है कि मतदान केन्द्र पर मोबाइल एवं कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी कुछ मतदाताओं ने केन्द्र पर मोबाइल अथवा कैमरे का उपयोग कर ईवीएम मशीन पर मत देते हुए फोटो लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। उनकी इस पोस्ट से मतदान केन्द्र पर मौजूद निर्वाचन कर्मियों का लापरवाहीभरा रवैया भी उजागर हो रहा है। इस तरह के कृत्यों से मत की गोपनीयता तो भंग होती ही है, साथ ही इसका असर आगामी समय में होने वाले मतदान पर भी पड़ सकता है। इससे चुनाव की अनुशासनात्मक और गरिमा पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। उन्होंने अपने आवेदन में अपने मत की गोपनीयता भंग करने वालों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 128 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी। उक्त मामले को सिरोंज प्रशासन ने संज्ञान में लिया और 17 लोगों पर FIR दर्ज कर ली। सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया था कि कुछ लोगों ने मतदान की गोपनीयता भंग की है। उन्होंने जिस व्यक्ति को वोट दिया उसके सामने का बटन दबाते और पर्ची निकलते का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है। ये कृत्य गैरकानूनी है और मतदान की गोपनीयता भंग करने वाला है। मामले की जांच सक्षम अधिकारी से कराई जा रही है। सत्यता पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह बोले-

## भिंड कलेक्टर मेरी जीत का कारण पूछते हैं उन्हें हटाया जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। मप्र के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को हटाए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा वे मेरी जीत का कारण पूछते हैं। वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से पूछते हैं कि मैं सात बार से लगातार कैसे जीत रहा हूं। सिंह ने भिंड कलेक्टर पर और भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं।**

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचा था। यहां उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात भिंड कलेक्टर को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। गोविंद ने इस संबंध में चुनाव आयोग में ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना है कि संजीव श्रीवास्तव के रहते लहार विधानसभा में निष्पक्ष काउंटिंग नहीं हो पाएगी। वे भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। इसीलिए कलेक्टर श्रीवास्तव को हटाया जाए।

### करते हैं साजिश

नेता प्रतिपक्ष ने शिकायती आवेदन में बताया कि भिंड



कलेक्टर ने साजिश करते हुए जानबूझकर लहार विधानसभा में अधिकारी कर्मचारियों को वोटिंग से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि कलेक्टर ने डाक मत पत्रों को कोषालय में जमा भी नहीं कराया गया। इतना ही मतदान दिवस पर कलेक्टर के आदेश पर मतदाताओं को प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग वोट नहीं कर पाए। कांग्रेस एजेंट्स को कलेक्टर ने मतदान केंद्र के बाहर बैठाए रखा और फर्जी मतदान करवाया गया।

### सीएस पर भी निशाना

गोविंद सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को सीएस इकबाल सिंह का संरक्षण प्राप्त है और यह सब कुछ उनके ही इशारे पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले ही उन्होंने सीएस को हटाने के लिए मांग उठाई थी।

## उज्जैन के व्यापारी की लाखों की संपत्ति अटैच, जीएसटी का नोटिस मिलने के बाद भी नहीं दिया था जवाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। जीएसटी विभाग की टीम ने एक व्यापारी की लाखों रुपये कीमत की संपत्ति अटैच की है। व्यापारी पिछले काफी समय से विभाग को सर्विस टैक्स जमा नहीं करवा रहा था। नोटिस देने के बाद भी कोई जवाब नहीं आने पर उक्त कार्रवाई की गई है। जीएसटी अधीक्षक राधा मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि ओम एंटरप्राइजेज के संचालक योगेश गोविंदानी पर विभाग का 68 लाख 47 हजार 965 रुपये का सर्विस टैक्स एरिया काफी समय से बकाया चल रहा



था। कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी योगेश कोई जवाब नहीं दे रहा था। इसके बाद जीएसटी की टीम ने जूना सोमवारिया स्थित व्यापारी की दुकानों को अटैच किया है।

### टैक्स जमा नहीं किया तो होगी कुर्की

जीएसटी अधिकारी राधा मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी व्यापारी द्वारा टैक्स और एरियर जमा नहीं किया गया था, जिसके चलते उक्त कार्रवाई की गई है। जूना सोमवारिया स्थित निर्माणाधीन दुकानों पर कार्रवाई की गई है। समय रहते अगर व्यापारी टैक्स जमा नहीं करता है तो उक्त संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी।

## ओ लड़का आंख मारे...' आप की MLA कैंडिडेट का ठुमका वायरल, डांस देख इंटरनेट पर भिड़े लोग

**दमोह**। मध्यप्रदेश में दमोह विधानसभा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाली टीवी कलाकार चाहत पांडे का गुरुवार को एक डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में चाहत अपने घर में 'सीटी बजाए नखरे दिखाए लड़का आंख मारे' गाने पर ठुमके लगाते हुए नजर आ रही हैं। यह विडियो कहां का है, अभी इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन लोग वीडियो को खूब देख रहे हैं।



बता दें कि चाहत पांडे को आम आदमी पार्टी ने दमोह विधानसभा से अपना प्रत्याशी घोषित किया था। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी। उनका कहना है कि वह अपना सक्सेसफुल करियर छोड़कर चुनाव में इसलिए उतरी हैं, क्योंकि वह दमोह की जनता की सेवा करना चाहती हैं। अब उन्हें कितने मतदाताओं का समर्थन मिलता है, यह तो आगामी तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना से पता चलेगा।

लेकिन फिलहाल इस चुनाव के बाद वह रिलैक्स मूड में हैं और काफी उत्साहित भी हैं। उनके डांस से जुड़े वीडियो को लेकर उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। बता दें, दमोह विधानसभा से पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया (भाजपा), अजय टंडन (कांग्रेस) और चाहत पांडे आम आदमी पार्टी की ओर से प्रत्याशी हैं।

आप उम्मीदवार के इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

कोई चाहत के पक्ष में तर्क दे रहा है तो किसी ने उनके इस वीडियो की निंदा की है। कुछ इंटरनेट यूजर्स का कहना है कि राजनीति में कदम रखने से पहले चाहत पांडे छोटे पर्दे की एक्ट्रेस रही हैं। इसलिए डांस करने और वीडियो शेयर करने में क्या ही दिक्कत है? जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में यह सही नहीं है।

Hyderabad

# वोटिंग से पहले मिला नोटों का पहाड़, बेहिसाब कैश देखकर हर कोई हैरान, 5 राज्यों में अब तक 1760 करोड़ जब्त

**हैदराबाद, (एजेंसी) तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को मतदान होना है. इसी बीच चुनाव प्रचार के दौरान गुरुवार को पुलिस ने रंगारेड्डी के गच्चीबाउली से एक कार से पांच करोड़ रुपये कैश बरामद किया है. जब कार चालकों से इस कैश के बारे में पूछा गया, तो वे इस कैश का कोई हिसाब नहीं दे पाए. पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है.**

पुलिस के मुताबिक, वाहन चेकिंग के दौरान एक कार में दो सूटकेस मिले. इन्हें जब खोलकर देखा गया, तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस ने कैश को जब्त कर तीनों लोगों को हिरासत में ले लिया. कैश को आयकर विभाग को सौंप दिया गया.

इससे पहले चुनाव आयोग ने बताया था कि 5 राज्यों में चुनाव के ऐलान के बाद से अब



तक करीब 1760 करोड़ रुपये का बेहिसाब कैश जब्त किया गया है. यह 2018 में इन 5 राज्यों से मिले कैश का 7 गुना ज्यादा है. चुनाव आयोग राज्य और केंद्र की एजेंसियों के साथ मिलकर इस तरह की कार्रवाई को अंजाम देता है. चुनाव आयोग के मुताबिक, चुनाव ऐलान के बाद एमपी, मिजोरम, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान से 1760 करोड़ रुपये से ज्यादा की जब्ती की गई है. जबकि 2018 में इन्हीं राज्यों से 239.15 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी.

New Delhi

## 8 नौसैनिकों के लिए राहत की खबर, कतर की अदालत ने स्वीकार की याचिका; मिली थी मौत की सजा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाई गई थी। इसके खिलाफ भारत के द्वारा एक याचिका दायर की गई। कतर की अदालत ने गुरुवार यानी 23 नवंबर को अपील स्वीकार कर लिया है। जल्द ही इस मामले पर सुनवाई होगी। कतर की अदालत ने बीते 26 अक्टूबर को यह फैसला सुनाया था। ये सभी डहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज और कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ काम करते थे। अगस्त 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 16 नवंबर को इसकी पुष्टि की थी। उन्होंने कहा भारत सरकार के द्वारा इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करने की बात कही थी। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है अपील कुछ दिनों बाद स्वीकार कर ली गई। अदालत ने 23 नवंबर को पहली सुनवाई करने का फैसला किया। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने अपील को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया। अगली सुनवाई की तारीख जल्द तय की जाएगी। कतर की अदालत ने 26 अक्टूबर को अज्ञात आरोपों में भारत के आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी।

Bihar

## नशे में धुत शख्स को पुलिस जवानों ने घसीटा, Video हुआ वायरल

**सहरसा, (एजेंसी)** बिहार के सहरसा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. इसमें एक शख्स को पुलिस के जवान पैरों से पकड़कर उठाते नजर आ रहे हैं. इसके बाद शख्स को जवानों ने पुलिस की गाड़ी में पटक दिया. अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. वहीं, पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए जा रहे हैं. दरअसल, बिहार के सहरसा जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है. जिले के बनमा ओपी क्षेत्र अंतर्गत तेलिया हाट गांव में सुभाष स्वर्णकार नाम का शख्स शराब के नशे में धुत होकर लोगों को परेशान कर रहा था. स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस थाने को दी थी.

मौके पर पहुंची पुलिस ने सुभाष को पकड़ा और पुलिस वाहन में बिठा लिया. मगर, जिस तरह से उसे पकड़ा गया उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. बताया गया है कि वीडियो करीब दो दिन पुराना है.

Uttarpradesh

## हाईवे पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, रामलीला मेले से लौट रहे तीन की मौत

**पीलीभीत, (एजेंसी)** यूपी के पीलीभीत में मेला देखकर घर वापस आ रहे बाइक सवार दंपति समेत तीन की भूसे लगे ओवरलोड ट्रक की टक्कर से मौत हो गई जबकि डेढ़ वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बालक को जिला चिकित्सालय भिजवाया। तीनों शव कब्जे में ले लिए गए हैं। हादसे के बाद दुर्घटना करने वाला ट्रक को लेकर चालक मौके से फरार हो गया।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम औरैया निवासी 24 वर्षीय अजय कुमार पुत्र रामचंद्र अपनी पत्नी 22 वर्षीय सरोज कुमारी, डेढ़ वर्षीय पुत्र मनीष और बहन 15 वर्षीय सुमन देवी के साथ ग्राम भमोरा में चल रहे रामलीला मेले को देखने गए थे। शुक्रवार रात साढ़े 12 बजे मेला देखने के बाद बाइक से चारों लोग अपने घर वापस आ रहे थे। जैसे ही यह लोग टनकपुर हाईवे पर जनकपुरी चौराहे के समीप पहुंचे। तभी भूसा लगे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अजय कुमार,उनकी पत्नी सरोज कुमारी और बहन सुमन देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि डेढ़ वर्षीय बालक मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया।

खेल

# पहले टी20 में बने ये 10 धाकड़ रिकॉर्ड, सूर्या ने रोहित को पछाड़ा तो किशन ने की धोनी-पंत की बराबरी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विशाखापट्टनम में खेले गए पहले T20I में कई धाकड़ रिकॉर्ड्स बने। सूर्यकुमार यादव ने जहां अपनी दमदार पारी के चलते रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी, वहीं रवि बिश्नोई और ऋतुराज गायकवाड़ का नाम अनचाही सूची में जुड़ गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जोश इंग्लिश (110) के तूफानी शतक के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 208 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा भारत ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की 80 रनों की धुआंधार पारी के दम पर 19.5 ओवर में 2 विकेट रहते ही कर लिया। सूर्या के अलावा ईशान किशन ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। आइए जानते हैं इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान बने 10 बड़े रिकॉर्ड्स पर-




- सूर्या को इस 80 रन की मैच जिताऊ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह उनका T20I करियर का 13वां POM का अवॉर्ड है। इस फॉर्मेट में सबसे अधिक POM का अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने रोहित शर्मा (12) को पछाड़ा है। स्काई के आगे अब मोहम्मद नबी (14) और विराट कोहली (15) हैं।

- सूर्यकुमार यादव बतौर कप्तान डेब्यू मैच में POM का अवॉर्ड जीतने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। इससे पहले ये कारनामा जसप्रीत बुमराह ने इसी साल आयरलैंड के खिलाफ किया था।

- सूर्यकुमार यादव बतौर कप्तान डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले ये रिकॉर्ड केएल राहुल के नाम था। राहुल ने अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले साल एशिया कप में 62 रनों की पारी खेली थी।

- सूर्या ने नंबर-3 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए छक्कों का शतक पूरा कर लिया है, वह ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे और दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। सूर्या से पहले ये कारनामा विराट कोहली कर चुके हैं।

- भारत T20I में रिकॉर्ड 5वीं बार 200 या उससे अधिक रन की सफल चेज करने में कामयाब रहा है। टीम इंडिया ने इस मामले में साउथ अफ्रीका (4) को पछाड़ा है। वहीं पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया ने 3-3 बार 200 या उससे अधिक रन की सफल चेज की है।

- भारत ने इस मैच में अपने T20I करियर की सबसे बड़ी रन चेज की। इससे पहले टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2019 में 208 रन चेज किए थे।

- ईशान किशन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक जड़ धोनी और पंत की बराबरी कर ली है। अब इन तीनों के नाम T20I में बतौर विकेट कीपर 2-2 फिफ्टी प्लेस स्कोर हैं। वहीं इस सूची में केएल राहुल (3) टॉप पर हैं।

- विशाखापट्टनम टी20 में भारत के कुल 3 बल्लेबाज रन आउट हुए। 2015 के बाद पहला मौका है जब टीम इंडिया की एक पारी में इतने रन आउट हुए हैं।

- ऋतुराज गायकवाड़ डायमंड डक पर आउट होने वाले तीसरे भारतीय बने हैं।

सिनेमा

## 'जवान' को टक्कर देने तेजी से आगे बढ़ रही 'एनिमल', इस बड़े मामले में रणबीर देंगे शाहरुख खान को पछाड़!





संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'एनिमल' इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बीते दिन रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। यूके और यूएस में फिल्म की एडवांस बुकिंग शानदार है, और वह भी तेलुगू डब संस्करण के लिए, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्म के लिए कभी नहीं होती है। वहीं, फिल्म रिलीज से पहले ही एक बड़े मामले में शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर मूवी 'जवान' को टक्कर देती नजर आ रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आमतौर पर विदेशों में तेलुगू डब हिंदी फिल्मों के लिए शून्य अग्रिम है, लेकिन 'एनिमल' पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसका मतलब यह है कि देश में एडवांस बुकिंग शुरू होने पर 'एनिमल' निश्चित रूप से भारत में तेलुगू बॉक्स ऑफिस पर बड़ी शुरुआत करेगी। इसके अलावा, 'एनिमल' अब 'जवान' (तेलुगू) के शुरुआती दिन के कारोबार को आसानी से कम कर सकता है, जो 4.72 करोड़ रुपये था। 'एनिमल' के तेलुगू बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'जवान' को पछाड़ने की वजह निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हैं।

# संपादकीय

## कानून के भय से लगेगा अंकुश


किसी भी तकनीक का विकास इस मंशा से नहीं किया जाता कि समाज और मानव जीवन को विकृत किया जा सके, विद्रूप रचा जा सके। मगर कुत्सित और उपद्रवी मानसिकता के लोग उनका दुरुपयोग कर ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करते ही हैं। कानून के भय से ही उन पर अंकुश लगाया जा सकता है। सूचना तकनीक के तीव्र प्रसार ने जहां एक तरफ बहुत सारी सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं कई चुनौतियां भी पेश की हैं। इस तकनीक का उपयोग बहुत सारे ऐसे लोग भी करने लगे हैं, जो समाज में अस्थिरता, नफरत, वैमनस्यता और उत्तेजना फैलाना या किसी को बदनाम कर सनसनी पैदा करना चाहते हैं। झूठी खबरों और सूचनाओं के चलते अनेक जगहों पर लोगों को उत्तेजित होकर भीड़ हिंसा करते भी देखा जा चुका है। ऐसी सूचनाओं पर लगाम कसने के लिए सरकार ने कड़े कानूनी उपाय किए हैं। मगर अब एक नई चुनौती के रूप में डीपफेक से फर्जी तस्वीरें बना कर इंटरनेट के सामाजिक मंचों पर साझा करने की प्रवृत्ति उभरी है। डीपफेक दरअसल कृत्रिम मेधा के जरिए किसी और के चेहरे पर किसी और का चेहरा चिपका कर नकली तस्वीर बनाने की विकसित कर ली गई एक तकनीक है। पिछले दिनों इस विधि से कुछ फिल्मी अभिनेत्रियों की भोंडी तस्वीरें बना कर सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थी, जिसे लेकर उन्होंने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी। उस पर चर्चा चली तो प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भी इसी तरह की गरबा करते एक तस्वीर फैलाई गई थी। डीपफेक की बढ़ती प्रवृत्ति पर उन्होंने चिंता जाहिर की थी। अब केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस तरह की तस्वीरें जारी किए जाने को लेकर गंभीरता दिखाई है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने सोशल मीडिया मंचों को संचालित करने वाली कंपनियों के साथ बैठक की और उन्हें ऐसी गतिविधियों की पहचान करने, उन पर रोक लगाने के उपाय तलाशने को कहा। मंत्री ने इसके लिए जल्द ही नए कानून बनाने की भी घोषणा की है। दरअसल, डीपफेक ही नहीं, पूरी कृत्रिम मेधा को लेकर रचनात्मक काम करने वालों में गहरी चिंता और क्षोभ देखा जा रहा है। इससे बौद्धिक संपदा में खुली सेंधमारी होने, फर्जी सूचनाओं, तस्वीरों और रचनात्मक, संवेदनशील विधाओं में भोंडी नकल की अराजकता पसरने का खतरा महसूस किया जाने लगा है। बहुत सारे लोग इसका रोजगार पर भी बुरा असर भांप रहे हैं।

**अर्ज किया है..!**

*साफ़ आता है नज़र*
*अंजाम हर आग़ाज़ का*
*ज़िंदगानी मौत की*
*तम्हीद है मेरे लिए*

*- तिलोकचंद महरूम*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसे कुछ भी नहीं चाहिए... उसे मिलने में कुछ बाकी नहीं रहता यह नियम है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# खाली बोतलें बेचकर कमाई करने से प्रतिष्ठित लेखिका बनने तक, ऐसा रहा अरुंधति राय का सफर

महज 16 साल की उम्र में अरुंधति ने अपना घर छोड़ दिया और दिल्ली आकर रहने लगीं। अपने साक्षात्कार में अरुंधति ने बताया था कि उन्होंने खाली बोतलें बेचकर फीस के पैसे जुटाए थे। तब जाकर उनका दिल्ली स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर में हुआ।



प्रसिद्ध लेखिका और समाज सेविका अरुंधति राय देश-विदेश तक मशहूर हैं। साहित्य क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। अपने अथाह ज्ञान और कलम की ताकत से अरुंधति राय समाज सुधार के लिए जानी जाती हैं। अरुंधति राय अंग्रेजी की प्रसिद्ध लेखिका हैं। अरुंधति को अपने लेखन कार्य और सोशल वर्क के लिए कई बड़े अवार्ड मिल चुके हैं। 24 नवंबर को अरुंधति राय का जन्मदिन होता है। एक प्रतिष्ठित लेखिका और समाज सेविका बनने तक का सफर आसान नहीं था। आइए जानते हैं अरुंधति राय के जीवन संघर्षों के बारे में, जिन्होंने उन्हें बनाया देश की सुप्रसिद्ध उपन्यासकार और समाजसेविका।

### ◆ जीवन परिचय

अरुंधति राय का जन्म शिलॉन्ग में 24 नवंबर 1961 को हुआ था। अरुंधति राय की मां का नाम मैरी रॉय और पिता का राजीव रॉय था। उनकी मां मैरी रॉय केरल की सीरियाई ईसाई परिवार से थीं, जबकि पिता कलकत्ता के एक बंगाली हिंदू परिवार से थे।जब अरुंधति दो साल की थीं तो उनके माता-पिता एक दूसरे से अलग हो गए। इसके बाद अरुंधति अपनी मां और भाई के साथ केरल आ गईं और अपना बचपन गुजारा।

### ◆ शिक्षा

केरल के अयमनाम में अरुंधति अपने परिवार के साथ रहती थीं। शुरुआती शिक्षा मां के स्कूल से पूरी की, जिसका नाम कॉर्पस क्रिस्टी था। बाद में अरुंधति ने दिल्ली आकर आर्किटेक्ट की पढ़ाई पूरी की।

### ◆ 16 साल में छोड़ा घर

महज 16 साल की उम्र में अरुंधति ने अपना घर छोड़ दिया और दिल्ली आकर रहने लगीं। अपने साक्षात्कार में अरुंधति ने बताया था कि उन्होंने खाली बोतलें बेचकर फीस के पैसे जुटाए थे। तब जाकर उनका दिल्ली स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर में हुआ।

### ◆ लेखिका अरुंधति का करियर

करियर के शुरुआती दिनों में अरुंधति ने अभिनय भी किया। वह मैसी साहब नाम की फिल्म में लीड रोल किया। बाद में अरुंधति ने कई फिल्मों के लिए पटकथाएं लिखीं। उनके लेखन में परिवार, माता पिता का गहरा असर देखने को मिलता है। अरुंधति की किताब में उनके बचपन की घटनाओं का जिक्र मिलता है।

### ◆ अरुंधति राय का किताब संग्रह

अंग्रेजी की उपन्यासकार अरुंधति राय ने 'इन विच एनी गिव्स इट दोज वंस (1989), इलेक्ट्रिक मून (1992) और गॉड ऑफ स्माल थिंग्स जैसे उपन्यास लिखे।

## Highlights

- Prayers offered at Mahakal Temple for 41 workers stuck in U'khand
- PM offers prayers at Shri Krishna Janmasthan Temple in Mathura
- Uttarakhand tunnel rescue ops paused as drilling platform cracks
- Businesswoman asks ex-worker to hold her chappal in mouth after he asks for salary in Guj
- Governors can't keep Bills pending indefinitely: Supreme Court
- Indian Gourmet Brands Thrive in Import-Heavy Market

# Tata Technologies IPO Subscription latest status: Offer subscribed over 8 times



**NEW DELHI, (Agency).** Tata Technologies' ₹3,043 crore initial public offering (IPO), launched on Wednesday, has been subscribed over eight times on the second day, indicating robust demand for the Tata Group's inaugural public offering in nearly two decades.

Specialising in engineering and technology services for automotive, aerospace, and heavy machinery industries, Tata Technologies is poised to be valued at ₹20,283 crore at the upper end of the price band, which ranges from ₹475 to ₹500. Tech Technologies IPO Subscription status | Latest updates As of 11:00 am, the Tata Technologies IPO subscription stands at an impressive 8.85 times. The retail investors' portion is subscribed 7.58 times, the NII portion at an impressive 16.94 times, and the QIB portion at 4.11 times. Additionally, the employee portion has seen a subscription of 1.61 times, while the portion reserved for shareholders is oversubscribed at 12.80 times. The total bids received for the Tata Technologies IPO amount to 39,83,81,160 shares against the available 4,50,29,207 shares, according to data from the Bombay Stock Exchange, Live Mint reported. As of today, Tata Tech IPO's Grey Market Premium (GMP) stands at +395, signifying that Tata Technologies' share price is currently trading at a premium of ₹395 in the grey market on Thursday, as per investorgain.com, Live Mint reported.

# India's exports showcase remarkable resilience, eyes USD 2 trillion goal by 2030: PHD Chamber

**NEW DELHI, (Agency).** New Delhi [India], November 23 (ANI): In a significant revelation, the PHD Chamber of Commerce and Industry's research report has positioned India's exports as the most resilient among the top 20 global exporters. The report underscores the impressive growth of exports, with rates reaching 20 per cent and 9.7 per cent in 2021 and 2022, respectively, marking the highest growth among leading exporting nations. Sanjeev Agrawal, President of the Chamber of Commerce and Industry, credited the dynamic policy environment provided by the government and exporters' concerted efforts to integrate with global value chains for this remarkable feat. He expressed optimism about the trajectory of export growth, even as October 2023 witnessed a notable 9 per cent uptick after a brief slowdown. Over the past decade, India's exports have soared, escalating from USD 375 billion in FY 2011 to USD 770 billion in FY 2023. The launch of India's new Foreign Trade Policy (FTP) 2023, characterized by its five key elements - Duration, Dynamism, Decentralization, Direction, and Disaster-proofing, aims to create an enabling ecosystem for exporters. Dr Ranjeet Mehta, Executive Director of the PHD Chamber of Commerce and Industry, highlighted the FTP 2023's objective to enhance India's competitiveness globally, aligning with the vision of becoming "Atmanirbhar" (self-reliant). Mehta said, "The launch of India's new Foreign Trade Policy (FTP) 2023 with its five key elements of Duration, Dynamism, Decentralisation, Direction and Disaster proofing, is aimed at creating an enabling ecosystem for exporters.

# होटल में फंदे पर मिला फर्नीचर व्यापारी का शव मिला

## दसवी कक्षा की छात्रा ने भी फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कनाडिय़ा इलाके की होटल में एक व्यापी ने सुसाइड कर लिया। यहां होटल के कमरे में उसका शव फंदे पर मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया है। आज उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं दसवी कक्षा में पढऩे वाली छात्रा ने भी अपने दादा के घर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।**

पहले मामले में पुलिस के मुताबिक मनप्रीत (28) पिता महेन्द्र सिंह निवासी आईटी पार्क के पास नानक नगर का शव बिचौली मर्दाना इलाके के ब्लू लीफ होटल में फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक मनप्रीत किराये से फर्नीचर उपलब्ध कराने का काम करता था। वह अपने घर से बिना बताए यहां पहुंचा। उसने होटल में कमरा भी बुक कराया। पुलिस के मुताबिक अभी मामले में जांच की जा रही है।

इसी प्रकार हीरानगर में अपने दादा के पास रह रही एक 10वीं की स्टूडेंट ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शाम को उसे चाची और चचेरी बहन ने फंदे पर लटके हुए देखा। जिसके बाद परिवार के लोगों को जानकारी दी गई। बताया जाता है कि पिछले दो साल से वह अपने दादा और चाचा के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी।

उसके पिता राजेन्द्र नगर इलाके में रहते हैं। पुलिस मामले में जांच कर रहे हैं। हीरानगर पुलिस के मुताबिक हेमा (16) पिता दिनेश लोखंडे ने गणेश नगर में फांसी लगाकर जान दे दी। हेमा मूल रूप से राजेन्द्र नगर इलाके की रहने वाली थी।

यहां चाचा नीलेश के यहां दो सालों से रहकर पढ़ाई कर रही थी। परिवार के लोगों ने बताया कि शाम करीब चार बजे हेमा के दादा ऑटो रिक्शा लेकर गए। तब वह अंदर कमरे में पढ़ाई कर रही थी। इसके बाद करीब छह बजे के लगभग चाची कमरे में गई तो वह फंदे पर झूलती मिली।

### पढ़ाई के लिये साथ रखा

परिवार के मुताबिक हेमा के पिता दिनेश के दो बेटे हैं। जो उनके साथ रहते हैं। वह द्वारकापुरी इलाके में गैरेज चलाते हैं। हेमा की चार चचेरी बहनें हैं। हेमा के परिवार के लोगों ने बताया कि 8वीं के बाद पढऩे के लिए उसे हीरानगर इलाके में लेकर आ गए। परिवार ने पुलिस को जानकारी में यह भी बताया कि पिछले कुछ दिनों से हेमा ज्यादा किसी से बात नहीं कर रही थी। वह अकेली रहती थी। पुलिस के मुताबिक किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# सराफा से 6 बच्चों को मुक्त कराकर शेल्टर होम भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सराफा में बाल श्रम का मामला सामने आया है। इसमें छोटे बच्चों से 12 घंटे डिजाइन संबंधी काम लिया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम ने यहां पहुंची और अलग-अलग दुकानों पर काम कर रहे 6 बच्चों को मुक्त किया। इन्हें शेल्टर होम भेजा गया है। मामले में बाल कल्याण समिति बच्चों के बयान लेगी। इसके बाद संबंधितों के खिलाफ श्रम विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई बुधवार देर रात की है। चाइल्ड लाइन को सूचना मिली थी कि धान गली, सराफा में पश्चिम बंगाल के बच्चों को बुलाकर यहां जेवरातो की डिजाइन के लिए कारीगरी कराई जाती है जो देर रात तक चलता है। इस पर महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया व असिस्टेंट कमिश्नर मेघना भट्ट नेतृत्व में पुलिस प्रशासन, विशेष किशोर पुलिस इकाई, संस्था 'आस' व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन द्वारा छानबीन की गई। यहां अलग-अलग स्थानों पर 6 बच्चे काम करते पाए गए। इनकी उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि सराफा में जहां भी काम होता है वहां संबंधित कारीगरों द्वारा उन्हें बुलाया जाता है। इसके लिए उन्हें 5 से 8 हजार रु. प्रति माह दिया जाता है तथा वे यहां 12 घंटे काम करते हैं। इस पर उन्हें वहां से मुक्त कर शेल्टर होम भेजा गया। फिर इन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। अभी इन बच्चों से पूरी तरह पूछताछ नहीं हुई है लेकिन पता चला है कि सराफा की छोटी-छोटी गलियों जिसमें अलग-अलग बिल्डिंग हैं यहां ये बच्चे दुकानों पर काम करते हैं। पूरी छानबीन के बाद श्रम विभाग द्वारा संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात एसोसिएशन के मंत्री अविनाश शास्त्री ने बताया कि सराफा में जितनी भी दुकानें हैं कहीं भी 18 वर्ष से कम उम्र के लेबर या कर्मचारी नहीं हैं। ये कारीगरों से जुड़ा मामला है। इनमें सराफा के किसी भी दुकानदार का कोई लेना-देना नहीं है।

# दुकानदारों में विवाद, किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मटन और चिकन दुकानदारों के बीच विवाद के बाद दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है।**

खजराना पुलिस के मुताबिक विवाद और मारपीट की घटना स्कीम नंबर 134 में बड़ा कब्रिस्तान के पास हुई। पुलिस ने शन्नो पति सादिक शाह निवासी पाकीजा लाइफ स्टाइल कालोनी की रिपोर्ट पर आरोपी कमलेश पारवानी और वंदना पारवानी निवासी स्कीम नंबर 134 के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी और उसकी पत्नी फरियादी की चिकन की दुकान पर आए और गालियां देकर बोले कि यहां हमारा बोलबाला है अगर तुम्हें दुकान चलानी है तो तीन हजार रूपए हफ्ता देना पड़ेगा। फरियादी के गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

उधर दूसरे पक्ष से पुलिस ने कमलेश पिता चेलाराम पारवानी की रिपोर्ट पर आरोपी सादिक इसका पुत्र निवासी खजराना और गोलू गौड़ निवासी रामबाग कालोनी पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी के घर से कुछ दूर ही आरोपी चिकन का ठेला लगाते हैं। इसका फरियादी विरोध करता है तो आरोपी विवाद करते हैं। फरियादी अपनी बेटी के साथ मार्केट जा रही था तभी आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# महिला की मौत में पति पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रेम विवाह रचाने वाली युवती के फांसी लगाकर जान देने की घटना में पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि उसका शराबी पति दोस्तों के साथ घर पर शराब पार्टी करता था और नानवेज बनाने को मजबूर करता था इसलिए उसने आत्महत्या कर ली। पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक हिम्मत नगर पालदा इलाके में रहने वाली नवविवाहिता शोभा उर्फ सुमन पति विजय बागनी(23) ने 8 नवंबर की दोपहर को घर में फांसी लगाकरजान दे दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। जूनी इंदौर एसीपी जोन-4 देवेंद्र सिंह धुर्वे ने मर्ग जांच की। परिजन के बयान और अन्य बिंदुओं पर की गई जांच के आधार पर मृतका के पति विजय उर्फ गोलू बागनी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं नमें केस दर्ज कर लिया है। एसीपी के मुताबिक मृतका की मां उषा नामदेव ने बयान में बताया कि मेरी बेटी ने विजय उर्फ गोलू से वर्ष 2018 में लव मैरिज की थी। बेटी से मोबाइल पर बातचीत होती रहती थी। वह मुझे बताती थी कि गोलू शराब पीकर घर आता है अपने दोस्तों के साथ पार्टी करता है और मटन चिकन बनाने के लिए कहता है उसे शराब पीने से मना करने पर झगड़ा और मारपीट करता है। इसी प्रताडऩा से तंग होकर शोभा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।